## गतिविधि हेतु दिशानिर्देश

दोनों गतिविधियों की रिकॉर्डिंग करते समय सामान्य दिशानिर्देशः

1. ध्वनि रिकॉर्डिंग बिना विरूपण के, बिना किसी भी पृष्ठभूमि संगीत/शोर के स्पष्ट और अच्छी होनी चाहिए।
2. अच्छा प्रकाश और कोई बैक लाइट नहीं।
3. पृष्ठभूमि सादी होनी चाहिए ओर वीडियो रिकॉर्डिंग क्षैतिज होनी चाहिए।
4. रिकॉर्डिंग करते समय रेंजर्स को, चरित्र को सूट करने वाले उचित आसन और अभिव्यक्ति को ध्यान में रखते हुए कैमरे के सामना करना चाहिए।
5. अंग्रेजी या हिन्दी में धारा प्रवाह बोलें।
6. गतिवधि को रिकॉर्ड करें, रेंजर की वदी में पासपोर्ट आकार की फोटो तैयार रखें और उसके बाद दिए गए लिंक में पंजीकृत करें।

1. दिवस–अरांउड द वर्ल्डः नवम्बर 2020 में वेबिनार

पंजीकरण लिंकः **http://bit.ly/DIVAS-Rangering100**

लिंक 27 अक्टूबर 2020 को प्रारम्भ होगा एवं 6 नवम्बर, 2020–11.59 बजे रात्रि बन्द होगा।

1. वीडियो के प्रारम्भ में रेंजर को अपना नाम, रेंजर योग्यता, राज्य और क्षेत्र के साथ महिला अचीवर के नाम को निर्दिष्ट करते हुए जिसका वह चित्रण कर रही है अपना आत्म परिचय देना चाहिए। प्रस्तुति को ठीक से एवं धन्यवाद के साथ समाप्त करें।
2. रेंजर को निर्दिष्ट महिला अचीवर को पोशाक पहननी होगी तथा 2 से 4 मिनट के लिए चरित्र का चित्रण करते हुए अंग्रेजी या हिन्दी में बोलें। (न्यूनतम 2 मिनट)। यदि आवश्यक हो तो संबन्धित महिला अचीवर को सूट करने वाले प्रॉप्स का प्रयोग किया जा सकता है।
3. वेशभूषा के साथ चित्रित की जाने वाली महिला अचीवर्स का नाम नीचे दी गई सूची में से चुना जाना चाहिए।
    1. बछेंदी पाल–माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली महिला।
    2. झाँसी रानी लक्ष्मीबाई–भारत स्वतंत्रता योद्धा।
    3. कल्पना चावला–अंतरिक्ष/चाँद पर पहली महिला।
    4. क्तारा जेटकिन–अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस शुरू किया।
    5. एम.एस. सुब्बालक्ष्मी–अनुभवो कर्नाटक संगीतज्ञ।
    6. फ्लोरेंस नाइटिंगेल–नर्स,लेडी विथ दी लैंम्प।
    7. लेडी बेडेन पॉवेल–ओलेव सेंट क्लेयर सोमेस बेडेन पॉवेल।
    8. सरोजनी नायडू–स्वतंत्रता सेनानी।
    9. मीरा बाई–संत, गायिका और भक्ति पंथ।
    10. पुनीता अरोड़ा–प्रथम महिला लेफ्टिनेंट जनरल आर्मी एवं नेवी।
    11. शकुन्तला देवो–मानव कम्पयूटर–गणित।
    12. मलाला श्सुफजई– एक्टिविस्ट फॉर फीमेल एजुकेशन एंड यंगेस्ट नोबेल पुरस्कार विजेता।
    13. इंदिरा गाँधी–प्रथम भारतीय महिला प्रधानमंत्री।
    14. मदर टेरेसा–संत और नोवेल पुरस्कार विजेता।
    15. मैडम मैरी एस. क्यूरी–भौतिक विज्ञानी, रसायनज्ञ, रेडियो गतिविधि पर शोध करने वाली भौतिक एवं रसायन विज्ञान में नोवेल पुरस्कार विजेता।

16. कस्तूरबा गाँधी–स्वतंत्रता सेनानी–मोहनदास करमचन्द गाँधी की पत्नी।
17. अमृथा देवी बिश्नोई–चिपको आन्दोलन।
18. पी.वी.सिंधु–अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियन, गोल्ड बेसल 2019, ओलंपिक सिल्वर।
19. डॉ. एनी बेसट–थ्रियोसोफिस्ट, महिला अधिकार कार्यकर्ता, शिक्षाविद, स्काउटिंग आन्दोलन की समर्थक, होम रूल मूवमेंट की संस्थापक।

| क्र.सं. | कार्यवाही | समय |
|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण प्रारम्भ | 27 अक्टूबर, 2020 |
| 2 | पंजीकरण बन्द | 6 नवम्बर, 2020 रात्रि 11.59 बजे |
| 3 | समन्वयक सम्बन्धित सहायक निदेशक की देखरेख में प्रविष्टियों की जाँच करेंगे और उन्हें शार्टलिस्ट करेंगे। | 15 नवम्बर, 2020 |
| 4 | सेमी फाइनल–चयन हेतु नवम्बर शार्टलिस्ट किए गए नंबर पर निर्भर करेगा। | 21 नवम्बर, 2020 |
| 5 | भव्य समापन | 27 नवम्बर, 2020 |

विजेताओं के वीडियो दिसम्बर 2020 में होने वाले समापन में प्रस्तुत किए जाएंगे। उन सभी रेंजर्स को प्रतिभागी ई–प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे जिन्होंने निर्धारित प्रारूप में पंजीकरण किया है एवं वीडियो अपलोड किया है। सैमी फाइनल लिस्ट और फाइनल लिस्ट को ई–प्रशास्त्रि पत्र तथा विजेताओं को विनर्स ई–प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## मॉक पार्लियामेंट–दिखावटी संसद

**यह शैक्षिक गतिविधि वर्तमान में रेजर्स के लिए आवश्यक है।**
**पंजीकरण लिंक है: http://bit.ly/MockParliament-Rangeriing100**
**पंजीकरण प्रारम्भः 27 अक्टूबर 2020 एवं बन्द होने की तिथि 15 नवम्बर 2020**

1. 10 रेंजर्स एक टीम बनाएंगी और यदि आवश्यक हो तो रेंजरों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। रेंजर लीडर्स भी भाग ले सकती हैं। भाषा अंग्रेजी या हिन्दी में होनी चाहिए।
2. प्रत्येक टीम कें लिए आवंटित समयः 18 से 20 मिनट। (न्यूनतम 18 मिनट ओर अधिकतम 20 मिनट)।
3. यह एक टीम गतिविधि है।
4. रेंजर्स को सम्बन्धित क्षेत्र को दिए गए विषय पर वेशभूषा में संसद सत्र आयोजित करने की आवश्यकता है, रिकार्ड कर नीचे दिए गए लिंक पर अपलोड करें।
5. भाग लेने वाली 10 रेंजर्स हैः 1. स्पीकर–1, 2. लेखक–1, 3. विधान सभा के नेता और सत्तारूढ़ पार्टी के नेता–1, राजनीतिक दल–2, सत्तारूढ़ दल के रूप मं मंत्री के साथ पार्टी का एक सदस्य एवं विपक्षी दल के रूप में नेता के साथ एक सदस्य।
6. प्रत्येक राज्य/रीजन से कितनी भी टीमें भाग ले सकती हैं।
7. प्रविष्टियों की संख्या के आधार पर, टीमों को प्रत्येक क्षेत्र से अंतिम प्रस्तुति के लिए चुना/आंका जाएगा।
8. वीडियो की शुरूआत में, टीम लीडर नाम, राज्य एवं क्षेत्र तथा विषय जैसे परिचय देगी। विषय को ठीक से एवं धन्यवाद के साथ समाप्त करें।
9. वीडियो प्रस्तुत करने वाली रेंजर सहित रेंजर लीडर सम्बन्धित वेशभूषा में होगीं।

10. सैमी फाइनल एवं फाइनल के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को ई–प्रशास्त्रि प्रमाण पत्र एवं विजेतओं को ई–सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट जारी किया जाएगा।
11. ई–प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भाग लेने वाली उन सभी रेंजर्स एवं रेंजर लीडर्स को जारी किया जाएगा, जिन्होंने दिशानिर्देश के अनुसार एक साथ पंजीकरण एवं अपलोड किया है।

**मॉक पार्लियामेंट हेतु विषयः** रेंजर टीम निम्नलिखित सूची में से कोई एक विषय चुनेंः
1. प्राकृतिक आपदाओं के आपदा प्रबंधन – जैसे बाढ़, भूकम्प प्रबंधन।
2. नई शिक्षा नीति–आज की स्थिति, संस्कृति में निर्मित संशोधित नीतियाँ।
3. कोविड–19 जैसी महामारी को नियंत्रित करने के लिए नए कानून बनाना।
4. प्रवासी श्रमिकों के लिए कानून बनाना।
5. जीरो हंगर–भूख को समाप्त करने हेतु खाद्य सुरक्षा प्राप्त करना, पोषण सुधार, सतत कृषि को बढ़ावा देना।
6. कोविड–19 के पश्चात युवाओं द्वारा बेरोजगारी का सामना करना।
7. कोविड–19 के दौरान शिक्षा प्रणाली।

**12– प्रतिभागिता / निष्पादन की विधिः**

1. लीडर और उनकी टीम 18 मिनट के लिए मॉक पार्लियामेंट गतिविधि की योजना बनाएगी एवं संतुष्ट होने तक उसका आभासी रूप से अभ्यास करेगी।
   उदाहरणार्थः भारतीय संसद एक नजर में, बैठने की व्यवस्था, सदन की औपचारिक बैठक, शपथ या वादा पुष्टि, प्रश्नकाल, पटल पर रखें जाने वाले पेपर्स–स्थगन प्रस्ताव, अविश्वास प्रस्ताव, तात्कालिक सार्वजनिक महत्व के मामलों की चर्चा आदि।
   ''युवा संसद का संचालन'' गूगल सर्च में उपलब्ध है।
2. एक स्थान पर मिलें, संसद बनाएं, 1 या 2 बार रिहर्सल करें, तैयार हों एवं अपलोड करने के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग सैट करें।
   अथवा
3. यदि रिकॉर्डिंग आभासी की गई है, तो यह गैलरी व्यू पर होगी।

| क्र.सं. | कार्यवाही | समय |
|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण प्रारम्भ | 27 अक्टूबर, 2020 |
| 2 | पंजीकरण बन्द | 15 नवम्बर, 2020 |
| 3 | समन्वयक सम्बन्धित सहायक निदेशक की देखरेख में प्रविष्टियों की जाँच करेंगे और उन्हें शार्टलिस्ट करेंगे। | 21 नवम्बर, 2020 |
| 4 | सेमी फाइनल–चयन हेतु नवम्बर शार्टलिस्ट किए गए नंबर पर निर्भर करेगा। | 1 दिसम्बर, 2020 |
| 5 | भव्य समापन | 10 दिसम्बर, 2020 |